संख्या—1026/33—3—2022

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायतीराज,
उ0प्र0 लखनऊ।

पंचायतीराज अनुभाग—3 लखनऊ दिनांक—30 मई, 2022

विषयः राज्य स्तर पर ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ के गठन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या—6/2299/2018—6/72/2021, दिनांक—19.05.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राज्य स्तर पर ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ के गठन तथा ग्राम पंचायतों में पेयजल परियोजना हैण्डओवर का एस0ओ0पी0 अनुमोदनार्थ उपलब्ध कराया गया है।

2— इस सम्बन्ध में ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ के गठन की स्वीकृति प्रदान की जाती है। वित्त आयोग के नोडल अधिकारी, ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ के पदेन नोडल अधिकारी होंगें। प्रकोष्ठ में निम्न कर्मचारी तैनात होंगे, जिनकी योग्यता एवं वेतन निम्नानुसार होगा :—

क्र. सं.	पदनाम	योग्यता	अनुभव	पदों की संख्या	मानदेय प्रतिमाह (कर एवं सर्विस चार्ज अतिरिक्त) (लाख रूपये में)	01 वर्ष हेतु आंकलित धनराशि (कर एवं सर्विस चार्ज अतिरिक्त) (लाख रूपये में)
1	स्टेट कन्सलटेन्ट	बी0ई0/बी0टेक0 सिविल तथा एम0बी0ए0	शासकीय विभागों/निगमों/किसी प्रतिष्ठित संस्थान में संबंधित कार्यों का 05 वर्ष का अनुभव	1	1.50x1=1.50	18.00
2	कन्सलटिंग इंजीनियर ग्रेड—1	बी0ई0/बी0टेक0 सिविल	शासकीय विभागों/निगमों/किसी प्रतिष्ठित संस्थान में संबंधित कार्यों का 03 वर्ष का अनुभव	3	0.90x3=2.70	32.40
3	कन्सलटिंग इंजीनियर ग्रेड—2	बी0ई0/बी0टेक0 सिविल	शासकीय विभागों/निगमों/किसी प्रतिष्ठित संस्थान में संबंधित कार्यों का 02 वर्ष का अनुभव	2	0.60x2=1.20	14.40

Amit Sri.

4	कार्यालय सहायक	इण्टर, कम्प्यूटर ज्ञान	किसी प्रतिष्ठान/विभाग में 02 वर्ष कार्य का अनुभव	1	0.30x1=0.30	3.60
5	कम्प्यूटर आपरेटर	इण्टर, ओ0लेवल अथवा 01 वर्ष का कम्प्यूटर डिप्लोमा, हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी का 30 शब्द प्रति मिनट की टाईपिंग	किसी प्रतिष्ठान/विभाग में 01 वर्ष कार्य का अनुभव	1	0.18x1=0.18	2.16
6	अनुचर	8वीं पास	–	1	0.10x1=0.10	1.20
			कुल धनराशि			71.76

उपरोक्त पदों पर चयन नियमानुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाएगा। इस हेतु उपलब्ध करायी गई एस0ओ0पी0 भी अनुमोदित किया जाता है। ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ में व्यय होने वाली धनराशि 15वें वित्त आयोग के प्रशासनिक मद की एक प्रतिशत धनराशि में से किया जाएगा।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ गठन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

30.5.22

भवदीय,

Manoj 30.5.22

(मनोज कुमार सिंह)

अपर मुख्य सचिव।

Amit Sri.